उप–सचिव (प्रकाशन) पद हेतु आवेदन आमंत्रित

साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय में उपसचिव (प्रकाशन) के पद हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करती है।

पदों की संख्या : एक (अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)
वेतनमान : पे बैंड–III, रु. 15,600–39,100 + ग्रेड पे रु. 6,600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य।
2. भारतीय साहित्य का सामान्य ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
3. कार्यक्रमों के आयोजन की योग्यता के साथ संबंधित कार्य निष्पादन तथा दस्तावेज़ों/कार्यवृत्तों की प्रोसेसिंग का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. किसी एक भारतीय भाषा का विशेष ज्ञान तथा अंग्रेज़ी भाषा का समुचित ज्ञान।
5. कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. साहित्य में शोध/वाचस्पति की उपाधि।
2. पुस्तक उत्पादन एवं प्रकाशन का ज्ञान।
3. प्रकाशनों के संपादन का अनुभव।

आयु–सीमा : 50 वर्ष
(भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट।)

जो आवेदक केन्द्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001 के पते पर पहुँच जाने चाहिए। लिफाफे पर **''उपसचिव (प्रकाशन) के पद हेतु आवेदन पत्र''** अंकित होना चाहिए। ई–मेल द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ./50/15/2016

प्रकाशन तिथि : 23 जनवरी 2016
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 21 फरवरी 2016